**अलौह धातुओं का उत्पादन**

765. **श्री अजीत जोगी :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1992–93 के दौरान देश में अलौह धातुओं का उत्पादन निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप था;

(ख) यदि हां, तो धातुवार क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये तथा इस संबंध में उपलब्धि क्या रही; और

(ग) वर्ष 1993–94 के दौरान लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु क्या कदम उठाए गये हैं ?

यूनिट : टन

| धातु | लक्ष्य | वास्तविक |
|---|---|---|
| एल्यूमिनियम | | |
| नाल्को | 1,95,000 | 1,91,669 |
| बाल्को | 94,000 | 91,033 |
| जस्ता | | |
| हिन्दुस्तान जिंक लि. | 1,17,100 | 1,06,564 |
| सीसा | | |
| हिन्दुस्तान जिंक लि. | 50,000 | 38,382 |
| तांबा (कथौड़) | | |
| हिन्दुस्तान कापर लि. | 45,150 | 45,275 |

**खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) :** (क) और (ख) वर्ष 1992–93 के दौरान सरकारी क्षेत्र उपक्रमों द्वारा देश में अलौह धातुओं का धातु-वार लक्ष्य और उत्पादन इस प्रकार है :

(ग) सरकार द्वारा संबंधित सरकारी क्षेत्र उपक्रमों के कार्य-निष्पादन की नियमित रूप से मानीटरिंग की जा रही है और सरकारी क्षेत्र उपक्रम, वर्ष 1993–94 94 के दौरान लक्ष्यों के अनुसार, धातुओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई कर रहे हैं। सरकार ने संबंधित सरकारी क्षेत्र उपक्रमों के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं ताकि इन उपक्रमों की कार्य-दक्षता में वृद्धि की जा सके।

**मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में मैंगनीज निकाला जाना**

766. **श्री शिवप्रसाद बनपुरिया :** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले की उकवा, भरमेली और तिरोड़ी खदानों में प्रतिवर्ष कितना मैंगनीज निकाला जाता है;

(ख) उक्त खदानों में से निकाले गये मैंगनीज को परिष्करण हेतु कहां भेजा जाता है और इस पर कितना व्यय किया जाता है; और

(ग) क्या सरकार उद्योग रहित बालाघाट जिले में ही मैंगनीज परिष्करण हेतु फेरोमैंगनीज कारखाने की स्थापना करने का विचार कर रही है ?